NAAC RE-ACCREDITED A GRADED INSTITUTE

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल

Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal

CPE Status Conferred by UGC

IEHE Bhopal

Office** – Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal-462016 Tele: (0755) 2492433, 2492460 E-mail: **iehebpl@bsnl.in** Website: **http/iehe.ac.in

(परीक्षा शाखा)

क्रमांक : नस्ती क्र. 14/परीक्षा/2017-18/..61/..........   दिनांक : ..16.06.17..

सूचना : उत्तर-पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन

अप्रैल-मई 2017 में आयोजित **सेमेस्टर II & IV** (स्नातककोत्तर) एवं **सेमेस्टर I & III M.Phil (Mathematics)** की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुए समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें संस्थान के ''परीक्षा नियम-2005'' की कंडिका-19 के अनुसार अपनी उत्तर-पुस्तिकाओं के **(ATKT परीक्षा से संबंधित उत्तर-पुस्तिकाओं को छोड़कर)** पुनर्मूल्यांकन की सुविधा दी गई है। इस हेतु इच्छुक विद्यार्थी शुक्रवार, दिनांक **16/06/2017** से कक्ष क्रमांक-03 श्री दिलीप धाड़से (परीक्षा लिपिक) से पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा भरे हुए आवेदन **अंकसूची की छायाप्रति सहित** दिनांक **30/06/2017** तक ऑनलाईन शुल्क प्राप्ति रसीद के साथ जमा करें। पुनर्मूल्यांकन संबंधी व्यवस्था निम्न प्रकार है:

(1) ***शुल्क*** रूपये **500/-** प्रति उत्तर-पुस्तिका (अधिकतम दो उत्तर-पुस्तिकाओं के लिए)।

(2) ***उत्तर-पुस्तिकाओं का अवलोकन एवं पुनर्मूल्यांकन :*** विद्यार्थियों को उसकी उत्तर-पुस्तिका उसके माता/पिता/अभिभावक की उपस्थिति में दिखाई जावेगी। यदि अवलोकन के पश्चात् विद्यार्थी मूल्यांकन से संतुष्ट हो जाता है तो प्रशासकीय व्ययों के लिए रूपये **100/-** की राशि (प्रति उत्तर-पुस्तिका) रखकर शेष राशि लौटा दी जावेगी, किन्तु मूल्यांकन से संतुष्ट न होने की दशा में उत्तर-पुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के इस संबंध में प्रचलित नियमों (शुल्क संबंधी व्यवस्था को छोड़कर) के अनुसार कराया जावेगा और इन्हीं नियमों की व्यवस्था के अनुसार परिणाम प्रभावित होने पर पुनरीक्षित अंकसूची जारी की जावेगी और पूरी जमा राशि लौटा दी जावेगी।

(3) आवश्यक शुल्क ऑनलाईन बैंकिंग **SB Collect** के माध्यम से ही संस्थान के खाते में जमा करना होगा। आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन शुल्क जमा करने की रसीद लगाना अनिवार्य है।

प्रतिहस्ताक्षरित

(डॉ. एम.एल. नाथ)
संचालक
Director
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal

परीक्षा नियंत्रक
Controller Examination
Institute for Excellence in Higher Education
BHOPAL (MP)

प्रतिलिपि :

1 सूचना पटल - मुख्य, परीक्षा शाखा।
2 श्री दिलीप धाड़से की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3 प्रभारी, आईटी सेल की ओर संस्थान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक
Controller Examination
Institute for Excellence in Higher Education
BHOPAL (MP)

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल
Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal
CPE Status Conferred by UGC
NAAC RE-ACCREDITED A GRADED INSTITUTE
Office - Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal-462016 Tele: (0755) 2492433, 2492460 E-mail: **iehebpl@bsnl.in** Website: **http/iehe.ac.in**

(परीक्षा शाखा)

क्रमांक : न. 05/परीक्षा/2017-18/...62.......   दिनांक : 16-06-17

सूचनाः उत्तर-पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी का प्रदाय

संस्थान के ''परीक्षा नियम-2005'' की कंडिका-20 के द्वारा आंतरिक/बाह्य परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी देने की सुविधा प्रदान की गयी है। यह सुविधा निम्न शर्तों पर दी गयी है:

(i) परीक्षार्थी द्वारा अपनी स्वयं की अथवा अपनी कक्षा के अन्य सहपरीक्षार्थी की उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी ली जा सकेगी। किसी भी अन्य व्यक्ति को उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी नहीं दी जावेगी।

(ii) उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के **30 दिन** के भीतर लिखित आवेदन के साथ **200/-** रूपये प्रति उत्तर-पुस्तिका की दर से आवश्यक शुल्क ऑनलाईन बैकिंग **SB Collect** के माध्यम से संस्थान के खाते में जमा करने पर दी जावेगी। आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन शुल्क जमा करने की रसीद लगाना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी देने की सुविधा के आधार पर संस्थान द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कोई संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

(iv) उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी देते समय इस बात का ध्यान रखा जावेगा कि परीक्षार्थी को मूल्यांकनकर्ता शिक्षक के नाम की जानकारी न हो।

उपरोक्त नियम के परिपालन में **अप्रैल-मई 2017** के **सेमेस्टर II & IV (Post Graduate)** एवं **M.Phil. (Mathematics) Sem I & III** परीक्षा से संबंधित उत्तर-पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनॉक 13/07/2017 तक अपना आवेदन (सादे कागज पर) परीक्षा नियंत्रक को प्रस्तुत कर सकते हैं। इस हेतु निर्धारित शुल्क रूपये **200/-** प्रति उत्तर-पुस्तिका, संस्थान कार्यालय में जमा करना होगा।

प्रतिहस्ताक्षरित

(डॉ. एम.एल. नाथ)
संचालक
Director
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal

R/C परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :

1 सूचना पटल - मुख्य, परीक्षा शाखा।
2 प्रभारी, आईटी सेल की ओर संस्थान की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ।

R/C परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examination
Institute for Excellence in Higher Education
BHOPAL (MP)